सर पद्मपत सिंहानिया स्कूल ने जीती प्रतियोगिता

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। द स्पोर्ट्स हब में चल रही टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में सर पद्मपत सिंहानिया स्कूल चैम्पियन बना। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डीएम विशाख जी व महेंद्र मोहन ने भी टेबिल टेनिस खेला।

तीन दिवसीय टेबिल टेनिस टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ। सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर ने जूनियर बालक व बालिका और सीनियर बालक व बालिका वर्ग की चैम्पियनशिप जीतने का श्रेय प्राप्त किया। दिव्यांग खिलाड़ी अभिषेक सिंह, अमरेश सिंह व शिवम पाल ने टेबिल टेनिस खेलकर प्रतिभा दिखाई। उनको सम्मानित किया गया। ओलंपियन अर्चना पांडेय व भारतीय टेबिल टेनिस टीम के कोच पराग अग्रवाल को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर डीएम विशाख जी व महेंद्र मोहन ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मुख्य रूप से सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेट रोहित कटियार, डिप्टी कमांडेंट प्रशांत द्विवेदी, उत्तर प्रदेश टेबिल टेनिस संघ के अध्यक्ष संजीव पाठक, पीयूष अग्रवाल और राजीव गर्ग आदि मौजूद रहें।

सीनियर बालक वर्ग में सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल दूसरे और जय नारायन विद्या मंदिर व पूर्ण विद्या निकेतन की टीम तीसरे स्थान पर रही।

द स्पोर्ट्स हब में चल रही टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में विजयी टीम।